7 दिसम्बर 2012
जिला प्रशासन का गांव अगौन्ध, (खण्ड गुहला) में रात्रि ठहराव कार्यक्रम।
उपलब्धियां

1. इंदिरा प्रिय दर्शनी विवाह शगुन योजना के तहत 20 लाभार्थियों को लगभग पांच लाख रूपए के चैक प्रदान किए गए।

2. 48 लर्निंग लाईसैंस बनाए गए तथा पहली बार रात्रि ठहराव कार्यक्रम में शुरू किए गए 42 जाति प्रमाण–पत्र भी बनाए गए।

3. स्वर्ण जयन्ती स्वरोजगार योजना के अन्तर्गत अगौन्ध व सुल्तानियां गांव के तीन सहायता समूहों को दो लाख रूपये की राशि के अनुदान के चैक भी प्रदान किए गए।

4. खाद्य आपूर्ति विभाग द्वारा 31 नए राशन कार्ड बनाए गए।

5. जिला प्रशासन के जल संरक्षण कार्यक्रम के तहत चलाए जा रहे मुहिम के अन्तर्गत अगौन्ध के रात्रि ठहराव कार्यक्रम के दौरान पेयजल के 245 कनैक्शन जारी किए गए।

6. स्वास्थ्य विभाग द्वारा दिनभर लगाए गए स्वास्थ्य शिविर में तैनात चिकित्सों द्वारा 535 लोगों का उपचार किया गया।

7. प्रत्येक रात्रि ठहराव में अपनी उपस्थिति सुनिश्चित कर रहे ओमप्रकाश जिंदल ग्रामीण जनकल्याण संस्थान द्वारा 200 से अधिक लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें दवाईयां वितरित की गई।

8. पशुधन संरक्षण कार्यक्रम के अन्तर्गत पशुपालन विभाग द्वारा शिविर लगाया गया, जिसमें 837 मवेशियों का उपचार किया गया तथा उन्हे विभिन्न बिमारियों से बचाव हेतू दवाईयां भी दी गई।

9. खेतीहर किसानों को घर द्वार पर सुविधा प्रदान करते हुए राजस्व विभाग द्वारा 25 किसानों के भूमि के इन्तकाल मौके पर किए गए।

10. उपायुक्त द्वारा गांव अगौन्ध में स्कूल की चार दिवारी तथा तालाब की रिटेनिंग वाल बनवाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए।

11. बिजली के 33 केवी सब स्टेशन के निर्माण प्रक्रिया को तीव्रता प्रदान करने के लिए भी संबंधित कार्यकारी अभियंता को निर्देश दिए गए।

12. उपायुक्त ने उप निदेशक पशुपालन विभाग को गांव के पशु अस्पताल के जर्जर भवन को ठीक करवाने के निर्देश किए गए।